ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अभिनेत्री को सेनिटेशन का ब्रांड अंबेसडर बनाया

विद्या बालन की 'क्लीन पिक्चर'

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

पा, नो वन किल्ड जेसिका, डर्टी पिक्चर और कहानी में जबरदस्त अभिनय कर लोगों को अपना मुरीद बना लेने वालीं विद्या बालन जल्द एक नई भूमिका में नजर आएंगी। उनका नया रोल होगा लोगों को साफ-सफाई का पाठ पढ़ाना। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विद्या को अपने महत्वाकांक्षी सेनिटेशन (साफ-सफाई) कार्यक्रम का ब्रांड अंबेसडर बनाया है।

ग्रामीण विकास मंत्री जयराम रमेश ने गुरुवार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के बारे में लोगों को जागरूक बनाने के लिए मंत्रालय विद्या के अलावा बालीवुड के बादशाह शाहरुख खान को भी लामबंद करने जा रहा है। विद्या गांवों में पेयजल तथा सेनिटेशन के बारे में लोगों को जागरूक करेंगी। वह इस काम के लिए सरकार से कोई पैसा भी नहीं लेंगी।

अपनी चर्चित फिल्म डर्टी पिक्चर के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार लेने दिल्ली आईं विद्या ने कहा कि इस कार्यक्रम का ब्रांड अंबेसडर बनना मेरे लिए गौरव की बात है। मैं अपनी पूरी क्षमता से इस भूमिका को निभाने के लिए तैयार हूं। रमेश ने कहा कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य, उनकी सुरक्षा और उनके सम्मान के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

अब राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हर साल तीन मई को : सूचना और प्रसारण मंत्री अंबिका सोनी ने कहा है कि अब हर साल तीन मई को ही राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिए जाएंगे। तीन मई 1913 को ही पहली भारतीय फिल्म राजा हरिश्चंद्र का प्रदर्शन हुआ था इसकी याद हर साल इसी दिन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिए जाएंगे। पहली भारतीय फिल्म के निर्माता, निर्देशक और लेखक दादा साहेब फाल्के थे जिनकी याद में भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान फाल्के पुरस्कार दिया जाता है। अंबिका सोनी ने कहा कि भारतीय सिनेमा की सौवीं सालगिरह पर सरकार ने कई महत्वाकांक्षी परियोजनायें शुरू की हैं।

पहल

- ग्रामीण विकास मंत्री जयराम रमेश ने किया ऐलान, शाहरुख भी जुड़ेंगे इस अभियान से
- राजधानी दिल्ली में उप राष्ट्रपति ने बांटे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

एक एक्टर के लिए इससे बेहतर क्या हो सकता है कि वह रूपहले पर्दे पर डर्टी पिक्चर का रोल प्ले करे और वास्तविक जीवन में क्लीन पिक्चर पर काम करे। मुझे लगता है कि यह भूमिका फलदायी होगी क्योंकि यह एक राष्ट्रव्यापी अभियान है

विद्या बालन, अभिनेत्री

नई दिल्ली में गुरुवार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण करने के बाद विद्या बालन, साथ में उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी। • अजय अग्रवाल